क्रिया

एक गाँव में एक लकड़हारा रहता था। एक दिन सुबह वह लकड़ी लाने के लिए जंगल में गया। वह चलते-चलते नदी किनारे पहुँचा, वहाँ एक विशाल पेड़ था। लकड़हारा पेड़ पर चढ़ गया और उसकी सबसे बड़ी डाल के छोर पर बैठ गया। फिर वह कुल्हाड़ी से उसी डाल को काटने लगा, जिस पर वह बैठा था। तभी गाँव का पंडित वहाँ से गुज़रा। उसकी नज़र लकड़हारे पर पड़ी, वह अचानक रुक गया और उसने कहा, "अरे मूर्ख! तुम यह क्या कर रहे हो?" लकड़हारे ने जवाब दिया, "मैं लकड़ी काट रहा हूँ।" पंडित ने कहा, "लेकिन तुम तो जिस डाल पर बैठे हो, उसी को काट रहे हो। डाल टूट जाएगी, तुम गिर जाओगे।" लकड़हारे को पंडित की बात समझ में नहीं आई। वह उसी जगह पर बैठा लकड़ी काटता रहा। अचानक ज़ोर से आवाज़ हुई और लकड़हारा डाल के साथ धड़ाम से नीचे गिरा। वह दर्द से बेहाल होकर ज़मीन पर लेट गया। अब उसे समझ में आया कि पंडित क्या कहना चाहता था।

ऊपर दी गई कहानी में सभी रंगीन शब्दों से किसी काम के होने या करने का पता चल रहा है।

परिभाषा

जिन शब्दों से किसी काम के होने या करने का पता चलता है, वे शब्द **क्रिया** कहलाते हैं।

अभ्यास 1

दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए।

क. नवीन आइसक्रीम खा रहा है।

ख. बंदर पेड़ पर चढ़ रहा है।

ग. चंचल पाठ याद कर रही है।

घ. विशाल क्रिकेट खेल रहा है।

Scanned by CamScanner

अभ्यास 2

दिए गए क्रिया शब्दों के धातु रूप लिखिए।

क. सुनना ____________________

ख. लिखना ____________________

ग. तोड़ना ____________________

घ. बुलाना ____________________

आइए, अब क्रिया के भेदों के विषय में जानें –

क्रिया के भेद



सकर्मक क्रिया

सकर्मक क्रिया का अर्थ है, कर्म के साथ होनेवाली क्रिया। इसमें 'स' का अर्थ है सहित अर्थात इसमें क्रिया के साथ उसका कर्म भी जुड़ा रहता है। जिस क्रिया में कर्ता के साथ कर्म होता है, उसे **सकर्मक क्रिया** कहते हैं।

जैसे – दीदी कार चलाती है।
दीदी ↑ कर्ता, कार ↑ कर्म, चलाती ↑ क्रिया



अकर्मक क्रिया

अकर्मक क्रिया का अर्थ हैं कर्म के बिना। अकर्मक में 'अ' का अर्थ है रहित अर्थात जब क्रिया के साथ उसका कर्म नहीं होता। जैसे –

राजीव हँस रहा है। **पतंग** उड़ रही है।

इन वाक्यों में **'राजीव'** तथा **'पतंग'** शब्द कर्ता हैं।

'हँस रहा है' तथा **'उड़ रही है'** क्रियाएँ हैं।

इन दोनों वाक्यों में कर्म नहीं है अर्थात इन वाक्यों में **'क्या'** तथा **'किसे'** प्रश्न करने पर कोई उत्तर नहीं मिलता।

राजीव क्या/किसे हँस रहा है? पतंग क्या/किसे उड़ रही है?

यहाँ **'क्या'** तथा **'किसे'** प्रश्न करने पर कोई उत्तर नहीं मिलता। अतः ये **अकर्मक क्रिया** के उदाहरण हैं।



परिभाषा

जो क्रिया कर्म रहित होती है, वह अकर्मक होती है अर्थात वाक्य में जब क्रिया के साथ कर्म नहीं होता, तब क्रिया **अकर्मक क्रिया** कहलाती है।

अन्य उदाहरण देखिए –

सुनयना गाती है। मनु सोती है। सुधा दौड़ती है।

अभ्यास 4

दिए गए वाक्यों को अकर्मक बनाकर पुनः लिखिए।

क. मोहन खाना खा रहा है। ________________

ख. चित्रा कलम से लिख रही है। ________________

ग. गाय पेड़ के नीचे बैठी है। ________________

घ. झंडा हवा में लहरा रहा है। ________________